पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश

रामनवमी पर अयोध्या दर्शन के लिए हेलीकाप्टर सेवा से ज्वायराइड की सुविधा के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

प्रति व्यक्ति 3000 रूपये के शुल्क पर 08 मिनट तक हेलीकाप्टर से अयोध्या दर्शन की सुविधा उपलब्ध होगी

लखनऊः 29 मार्च, 2023

भगवान श्री राम की पावन नगरी अयोध्या में राम नवमी के अवसर पर अयोध्या पधारने वाले श्रद्धालुओं, पर्यटक एवं अतिथियों को हेलीकाप्टर से भगवान श्री राम से जुड़े स्थलों का दर्शन कराया जायेगा। इसके लिए राज्य पर्यटन विकास निगम लि0 एवं हेरिटेज एवीएशन प्रा0लि0 नई दिल्ली के बीच आज समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। आज से 15 दिनों तक ज्वायराइड की सुविधा0 आमजन मानस को प्राप्त होगी। इस ज्वायराइड का प्रति व्यक्ति किराया 08 मिनट के लिए तीन हजार रूपये निर्धारित किया गया है।

यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने आज यहां देते हुए बताया कि ज्वायराइड हेतु पंजीकरण कराने वाले लोगों को सुविधा कल से ही उपलब्ध होगी। श्रद्धालु हेलीकाप्टर से निर्माणाधीन भगवान श्री राम का भव्य मंदिर का दर्शन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि भविष्य में इसकी लोकप्रियता एवं आवश्यकता को देखते हुए हेलीकाप्टर सेवा के नियमित संचालन के लिए कार्ययोजना तैयार कराई जायेगी।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि हेलीकाप्टर के माध्यम से अयोध्या तथा सरयू का विहंगम दृश्य (हवाई दर्शन) करने का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा। यह हेलीकाप्टर सेवा नया घाट स्थित उ0प्र0 राज्य पर्यटन विकास निगम लि0 की इकाई सरयू अतिथि गृह के सामने से संचालित की जायेगी। इसके माध्यम से भव्य राम मंदिर, हनुमानगढ़ी, कनक भवन, राम की पैड़ी, छोटी छावनी, बड़ी छावनी, लक्ष्मण किला, सुग्रीव किला आदि का दर्शन कराया जायेगा।

हेलीकाप्टर ज्वायराइड की बुकिंग हेतु मोबाइल नं0— 9412526465 एवं 7011410216 पर सम्पर्क किया जा सकता है। पर्यटन मंत्री ने श्रद्धालुओं से इस सेवा का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है।

सम्पर्क सूत्र— केवल

राघवेन्द्र / 04:30 PM